उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

संवाद–236

पत्रांक /Ref. No.: 546/2022 दिनांक /Date.: 22-06-2022

विषयः– **दिनांकः 28 व 29 जून, 2022 को आयोजित वन दरोगा शारीरिक दक्षता परीक्षा के संबंध में।**

प्रिय अभ्यर्थियों,

आयोग द्वारा वेबसाइट पर यह अधिसूचना पूर्व में भी प्रकाशित की जा चुकी है, कि **वन दरोगा पद के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांकः 28 व 29 जून, 2022 को संपन्न होगी,** इसके उपरांत आयोग द्वारा वन दरोगा पद के लिए कुल 621 अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र भी प्रकाशित किये जा चुके हैं।

इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचित करना है कि पूर्व में प्रकाशित प्रवेश–पत्रों में त्रुटिवश बार कोड नहीं डाला गया था, किन्तु अब इस त्रुटि को ठीक कर बार कोड सहित प्रवेश–पत्र पुनः प्रकाशित कर दिये गये है, **सभी अभ्यर्थियों से यह अनुरोध है कि वे बार कोड वाला प्रवेश–पत्र डाउनलोड व प्रिंट कर परीक्षण केन्द्र पर पहुंचे।**

यह भी सूचित करना है कि इसी परीक्षण में **वन आरक्षी (पद कोड–102) के लिए 08 महिला अभ्यर्थियों का भी शारीरिक दक्षता परीक्षण होगा,** उसकी अधिसूचना आयोग वेबसाइट पर दी गयी है, इन सभी अभ्यर्थियों को पूर्व में गर्भावस्था के कारण अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है, **अतः ये महिला अभ्यर्थी भी दिनांकः 28.06.2022 को शारीरिक परीक्षण के लिए उपस्थित होंगी।**

शारीरिक दक्षता परीक्षा, जनपद–देहरादून में "राजीव गाँधी क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर" के पहुंच मार्ग पर आयोजित की जा रही है समय पर एवं अच्छे मौसम में दौड़ संपन्न हो सके, इसके लिए **प्रातः 06 बजे परीक्षण स्थल पर रिपोर्ट करना अनिवार्य है।** प्रवेश–पत्र के साथ एक स्वास्थ्य संबंधी घोषणा–पत्र भी दिया गया है अभ्यर्थी उसे भी प्रिंट कर उसकी प्रति साथ लेकर आए, इसे आयोजन स्थल पर ही भरा जायेगा, शारीरिक माप–जोख में छूट संबंधी प्रमाण–पत्रों को भी अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से साथ लेकर आए अन्यथा तत्संबंधी कोई छूट अनुमन्य नहीं होगी।

इस परीक्षण में अधिक समय लगेगा, अतः अभ्यर्थी अपने खाने–पीने की सामग्री भी साथ में ला सकते हैं, अभ्यर्थी दौड़ की तैयारी करते रहें व किसी भी प्रकार के उर्जा बढ़ाने वाले पदार्थ या ऐसी सामग्री का उपभोग न करें, यह आपके स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त हानिकारक हो सकता है। शारीरिक माप–जोख में अर्ह अभ्यर्थी ही दौड़ में प्रतिभाग कर पायेंगे, पुरूष अभ्यर्थियों के लिए 25 कि.मी. की दौड़ 04 घंटे में तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए 14 कि.मी. की दौड़ 04 घंटे में पूर्ण करना अनिवार्य है।

आयोग की ओर से,

22/6/22

(संतोष बडोनी)

सचिव,

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com